कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 18/01/2025

विषयः-थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा *"ऑपरेशन चक्रव्यूह"* के तहत चेकिंग के दौरान एक बाल अपचारी को एक अदद चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक थाना चेतगंज के नेतृत्व में थाना चेतगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 18.01.2025 को एक नफर बाल अपचारी को चोरी की स्कूटी के साथ जगतगंज से गिरफ्तार कर थाना हाजा लाया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- थाना दशाश्वमेध क्षेत्र से दिनांक-16-01-2025 वाहन संख्या-यूपी 65 बीजेड के अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा ले जाने के संबंध में वादी मुकदमा द्वारा मु.अ.सं.-0006/2025 धारा-303(2) बीएनएस थाना दशाश्वमेध में पंजीकृत किया गया था जिसे वर्तमान में चल रहे ***"ऑपरेशन चक्रव्यूह"*** के दृष्टिगत चेंकिग के दौरान थाना चेतगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबीरी की सूचना के आधार पर एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर चोरी गयी स्कूटी को बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी। जिसकी गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना चेतगंज में मु0अ0सं0- 0026/2025, धारा- 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछः- बाल-अपचारी पूछताछ पर अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए बता रहा है कि मुझे स्कूटी चलाने का शौक है इसी कारण मेरे द्वारा स्कूटी को दशाश्वमेध क्षेत्र से चुराया गया है। गलती हो गयी है मुझे माफ कर दीजिए अब भविष्य में ऐसा कोई गलत काम नही करूंगा।

गिरफ्तार बाल अपरचारी का विवरण- 1-बाल अपचारी

बरामदगी का विवरण- एक अदद स्कूटी

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक 18.01.2025, जगतगंज चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 श्री दिलीप कुमार मिश्रा थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0प्रशि0 अभिषेक कुमार सिंह थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0प्रशि0 रवि सिंह थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 रमेश प्रभाकर थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अरविन्द कुमार थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त जोन-काशी
कमिश्नरेट वाराणसी